आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 25.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- राज्य विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध और गहराया–सदन में बिना प्रतिपक्ष के ही कार्यवाही चली।
- प्रदेश में उचित मूल्य की पांच हजार दुकानों को अन्नपूर्णा भंडार के रूप में विकसित किया जाएगा।
- राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024 के लिए सभी तैयारियां पूरी–परीक्षार्थियों के लिए पहली बार फेस रिकगनिशन तकनीक।
- राज्य में 27 फरवरी से नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार–बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कई स्थानों पर हल्की बरसात की संभावना।

000

राज्य विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध और गहरा गया है। हालांकि बिना प्रतिपक्ष के ही आज विधानसभा की कार्यवाही चली। सदन में कल हुए घटनाक्रम का जिक्र करते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज भावुक हो गए। श्री देवनानी ने कहा कि वे सदन को बिना किसी पक्षपात के चला रहे हैं। विपक्षी सदस्यों की ओर से स्पीकर के लिए कहे गए शब्द व्यथित करने वाले हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित निलम्बित विधायकों ने सदन में धरना कल समाप्त कर दिया था। उनकी बहाली पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई। कल हुए घटनाक्रम के बाद आज सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें गेट पर ही रोक दिया और विधानसभा परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया। कांग्रेस विधायक आज सदन के बाहर धरने पर बैठे। मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा कि मंत्री को अपनी कथित अपशब्दों पर खेद प्रकट करना चाहिए।

000

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार ने गतिरोध तोड़ने के प्रयास किये, लेकिन डोटासरा अपनी हठधर्मिता पर अड़े हैं। उन्होंने स्पीकर के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया वे निंदनीय है।

000

प्रदेश में उचित मूल्य की पांच हजार दुकानों को अन्नपूर्णा भंडार के रूप में विकसित किया जाएगा। खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने आज विधानसभा में कहा कि सरकार की इस बार की बजट घोषणा के तहत ये पहल की जाएगी। इससे उस क्षेत्र विशेष के लोगों को फायदा होने के साथ ही अन्नपूर्णा भंडार संचालकों की आमदनी में भी बढ़ोतरी हो सकेगी। श्री गोदारा ने ये भी जानकारी दी कि राज्य में 25 हजार उचित मूल्य की दुकानों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। 1 करोड़ 6 लाख से अधिक राशन कार्ड धारियों को बायो मैट्रिक सत्यापन के बाद पारदर्शी तरीके से हर महीने राशन दिया जा रहा है। खाद्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अंत्योदय परिवारों को अन्नपूर्णा भंडार के माध्यम से चीनी वितरण शुरू करने पर भी विचार किया जाएगा।

सदन में डीडवाना विधायक यूनुस खान के सवाल के जवाब में श्री गोदारा ने कहा कि वक्फ बोर्ड में पिछली सरकार के कार्यकाल में हुई कथित वित्तीय गड़बड़ियों की जांच करवाई जाएगी।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र खींवसर ने आज विधानसभा में कहा कि सरकार द्वारा संविदा पर जीएनएम के 2 हजार 338 पद, एएनएम के 3 हजार 58 पद एवं सीएचओ के 5 हजार 261 पदों पर भर्ती की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संविदाकर्मियों के नियमितिकरण की प्रक्रिया भी जारी है। पूर्व में संविदा कर्मचारियों के नियमितिकरण के लिए नियमानुसार 15 वर्ष का प्रावधान था। डेढ़ वर्ष पहले ही नए नियम बनाकर इस अवधि को घटाकर 9 वर्ष किया गया है। चिकित्सा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे।

इससे पहले विधायक डॉ. जसवंत यादव के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एनएचएम के अन्तर्गत राजस्थान कॉन्ट्रेक्चूअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स 2022 के कुल 39 हजार 579 पद स्वीकृत हैं।

000

प्रदेश में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के तहत वित्त वर्ष 2024–25 में 7 करोड़ के लक्ष्य से अधिक 7 करोड़ 22 लाख पौधरोपण कर उपलब्धि हासिल की गई। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने विधानसभा में ये जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग की ओर से 80 हजार हैक्टेयर वनभूमि पर ढाई करोड पौधे रोपित किये गए। वहीं विभिन्न विभागों और गैर सरकारी संगठनों तथा आम लोगों की ओर से 4 करोड़ 72 लाख से अधिक पौधे लगाए गए।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी के दौरे पर हैं। श्री बिरला आज कोटखावदा पहुंचे। उन्होंने एक निजी विद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि भारत की वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा में सभी का विकास और कल्याण सुनिश्चित होता है।

000

इससे पहले, लोकसभा अध्यक्ष ने बूंदी के करवर गांव में पूर्व विधायक प्रभुलाल करसोलिया की मूर्ति का अनावरण किया।

000

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट 2024, सत्ताइस और अट्ठाइस फरवरी को सभी जिलों में आयोजित की जाएगी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से होने वाली इस परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बोर्ड प्रशासक महेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि परीक्षा तीन पारियों में ली जाएगी। इसके लिए एक हजार 731 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। रीट परीक्षा के लिए 14 लाख 29 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में नकल रोकने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए केन्द्रों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। वहीं बोर्ड पहली बार परीक्षा में फैस रिकगनिशन तकनीक का उपयोग करेगा।

रीट परीक्षार्थियों के लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने ये जानकारी देते हुए बताया कि ये रेलगाड़िया कल से 28 फरवरी तक चलेंगी।

000

प्रदेश में लागू एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों को डिजिटल पहचान दी जा रही है। इसके लिए उनकी 11 अंकों वाली विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जा रही है। ग्राम पंचायतों में किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले समय में इसी आईडी के आधार पर किसानों को विभिन्न योजनाओं का फायदा दिया जाएगा।

इसी कड़ी में आज झुंझुनूं जिले के खेतड़ी उपखंड के नांगलिया गुजरवास गांव में शिविर लगाया गया। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे फार्मर रजिस्टर शिविरों का जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

000

देश के सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का सम्मेलन 4 और 5 मार्च को नई दिल्ली में होगा। कॉन्फ्रेन्स में आधुनिक चुनाव प्रबंधन में सूचना तकनीक के उपयोग, प्रभावी संचार–व्यवस्था, सोशल मीडिया के जरिए प्रचार–प्रसार सहित अन्य बिंदुओं पर अनुभव साझा किये जाएंगे। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन इसमें राजस्थान के निर्वाचन विभाग की उपलब्धियों और कार्य योजनाओं पर प्रस्तुतीकरण देंगे। श्री महाजन ने बताया कि सीईओ कॉन्फ्रेन्स में प्रदेश में पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में किये गये नवाचारों, उपलब्धियों और मतदाता जागरुकता गतिविधियों तथा मतदाता सूचियों के अपडेशन पर भी चर्चा की जाएगी।

000

राज्य निर्वाचन विभाग की गतिविधियों और लोकसभा तथा राज्य विधानसभा की चुनावी प्रक्रिया के बारे में जन संचार माध्यमों में भ्रामक और गलत खबरों, सूचनाओं के प्रसारण को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इसके लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

श्री महाजन ने निर्वाचन विभाग में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में प्रसारित चुनाव संबंधी सूचनाओं की निगरानी के लिए राज्य स्तर पर चार सदस्यीय मीडिया मॉनिटरिंग और क्रियान्वयन समिति बनाई है।

000

प्रदेश में 27 फरवरी नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। इसका असर 1 मार्च तक रहेगा। इस दौरान बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कई जगह तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। बीकानेर संभाग में आज और कल भी कुछ स्थानों पर हल्की बरसात की संभावना है। इस बीच अधिकतर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 35 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में रहा। जैसलमेर, जालौर और जोधुपर में धूप में तेजी बनी रही और पारा 33 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ।

000

महाशिवरात्रि का पर्व कल मनाया जाएगा। मंदिरों और शिवालयों में अभिषेक के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं और आज से ही धार्मिक आयोजन शुरू हो गए हैं। शिवालयों में मनमोहक सजावट की गई है। शिवरात्रि पर्व पर कई सहित स्थानों पर मेले, शोभायात्रा और भंडारा प्रसादी के कार्यक्रम होंगे। राजधानी जयपुर के गलताजी क्षेत्र के मंदिरों सहित प्रमुख शिवालयों में भी भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के विशेष इंतजाम रहेंगे।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अविचल रहने की प्रेरणा देते हैं। ये पर्व लोक कल्याण की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

000

और अब खबरें महाकुंभ से –
13 जनवरी से शुरू हुए प्रयागराज महाकुंभ में कल अंतिम महा स्नान होगा। शिवरात्रि के अवसर पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी आवक को देखते हुए मेला प्रशासन की ओर से विभिन्न इंतज़ाम सुनिश्चित किये जा रहे हैं। कुंभ में अब तक देश–विदेश की नामी हस्तियों सहित करोड़ों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

000